लवलीना का गोल्डन पंच

महिला बॉक्सिंग का 12 साल का इंतजार खत्म
मैरी कॉम के बाद गोल्ड जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं

लवलीना एशियन गेम्स बॉक्सिंग में गोल्ड जीतने वाली मैरी कॉम के बाद दूसरी भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं. मैरी कॉम ने 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में 51 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था. लवलीना ने पिछले एशियन गेम्स में हासिल किए सिल्वर मेडल को इस बार गोल्ड में बदल दिया. पिछले फाइनल में उन्हें चीन की ली कियान के हाथों हार मिली थी.

असम के गोलाघाट जिले के बारो मुखिया गांव में जन्मीं लवलीना किसान परिवार से आती हैं. उन्होंने 2018 और 2019 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते. टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतकर उन्होंने ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय मुक्केबाजों की सूची में जगह बनाई. 2023 विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था.

निशियो, 2 अक्टूबर. भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने अपने जन्मदिन पर देश को स्वर्ण पदक का तोहफा दिया. 2 अक्टूबर को जन्मीं लवलीना ने एशियन गेम्स के महिला 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में चीन की बाओ जियी को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया. इस जीत के साथ उन्होंने एशियन गेम्स में महिला बॉक्सिंग के स्वर्ण पदक का भारत का 12 साल का इंतजार भी खत्म कर दिया.

अंकुश का स्वर्णिम मुक्का

भारतीय मुक्केबाज अंकुश पांघल ने एशियन गेम्स 2026 में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया. फाइनल मुकाबले में अंकुश ने दक्षिण कोरिया के किम मिनसियोंग को 4-0 के फैसले से हराकर भारत के खाते में एक और गोल्ड जोड़ा. मुकाबले में अंकुश ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और सटीक पंचों के साथ प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा. इस जीत के साथ अंकुश ने एशियन गेम्स के मंच पर अपनी पहचान और मजबूत की है. फाइनल में उन्होंने तकनीक, फुटवर्क और आक्रमण का बेहतरीन तालमेल दिखाया. दक्षिण कोरियाई मुक्केबाज ने वापसी की कोशिश की, लेकिन अंकुश ने मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी. निर्णायकों ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में 4-0 का फैसला दिया. अंकुश की इस जीत से भारतीय बॉक्सिंग दल को एक और बड़ी सफलता मिली है. 80 किग्रा वर्ग के इस मुकाबले में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद अब सभी की नजरें प्रतियोगिता में भारत के बाकी मुक्केबाजों के प्रदर्शन पर हैं.

44 साल बाद भारत की बेटियों का कमाल

चीन को हराकर जीता हॉकी गोल्ड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने 44 साल का इंतजार खत्म करते हुए एशियन गेम्स में फिर स्वर्ण पदक जीत लिया. शुक्रवार को गिफू प्रीफेक्चरल ग्रीन स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारत ने मेजबान चीन को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया. भारत की ओर से लालरेमसियामी ने 10वें मिनट में शानदार रिवर्स हिट के जरिए निर्णायक गोल दागा. इस जीत के साथ भारतीय टीम ने लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 के लिए भी सीधे क्वालिफाई कर लिया. भारत ने पहले क्वार्टर में ही बढ़त बना ली थी. सलीमा टेटे और साक्षी के शानदार मूव के बाद लालरेमसियामी ने मौके को गोल में बदल दिया. इसके बाद चीन ने लगातार दबाव बनाने की कोशिश की. दूसरे क्वार्टर में चीन को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और 23वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने झांग यिंग के शॉट को रोककर टीम को बड़ी राहत दी. चौथे क्वार्टर में भी चीन ने कई हमले किए, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने हर बार खतरा टाल दिया. अंतिम सीटी बजते ही भारतीय खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया. 1982 में एशियन गेम्स महिला हॉकी की शुरुआत में ही भारत ने स्वर्ण जीता था. अब 44 साल बाद टीम ने फिर वही उपलब्धि दोहराई है.

बैन के बाद परवीन ने 3-2 से हराकर जीता गोल्ड

चीनी ताइपे की चेन निएन-चिन को दी मात

भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने लंबे इंतजार और मुश्किल दौर के बाद रिंग में जोरदार वापसी करते हुए एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत लिया.

महिला 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में परवीन ने चीनी ताइपे की चेन निएन-चिन को 3-2 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया. बेहद करीबी मुकाबले में परवीन ने दबाव के बीच संयम बनाए रखा और निर्णायक मौकों पर सटीक पंच लगाकर मुकाबला अपने पक्ष में किया. परवीन के लिए यह जीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि 2022 एशियन गेम्स में जीता उनका ब्रॉन्ज मेडल बाद में वापस ले लिया गया था. अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने ठिकाने की जानकारी से जुड़े नियमों के उल्लंघन के मामले में उन पर 22 महीने का प्रतिबंध लगाया था. इसके चलते 11 दिसंबर 2022 से 17 मई 2024 के बीच के उनके परिणाम रद्द कर दिए गए और एशियन गेम्स का पदक भी वापस लेना पड़ा. प्रतिबंध के कारण वह पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन में हिस्सा नहीं ले सकीं. अब परवीन ने रिंग में लौटकर शानदार प्रदर्शन किया है. 2022 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण जीत चुकी परवीन ने 2025 विश्व बॉक्सिंग कप में भी गोल्ड हासिल किया था. एशियन गेम्स का यह स्वर्ण उनके करियर में एक और बड़ी उपलब्धि बन गया है.

एशियन गेम्स 2026 पदक तालिका

चीन:	157 स्वर्ण, 75 रजत, 65 कांस्य-कुल 297 पदक
जापान:	63 स्वर्ण, 80 रजत, 81 कांस्य-कुल 224 पदक
दक्षिण कोरिया:	33 स्वर्ण, 34 रजत, 56 कांस्य-कुल 123 पदक
उज्बेकिस्तान:	17 स्वर्ण, 21 रजत, 20 कांस्य-कुल 58 पदक
थाईलैंड:	14 स्वर्ण, 11 रजत, 15 कांस्य-कुल 40 पदक
भारत:	12 स्वर्ण, 25 रजत, 34 कांस्य-कुल 71 पदक

सुजीत का फ्रीस्टाइल गोल्ड

शुरुआत में पिछड़े, अंत में मारी बाजी



एशियन गेम्स 2026 में भारतीय कुश्ती दल को सुजीत कलकल ने शानदार सफलता दिलाई. पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के खिताबी मुकाबले में सुजीत ने शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. मुकाबले की शुरुआत में प्रतिद्वंद्वी ने सुजीत पर दबाव बनाया और अंक हासिल कर बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय पहलवान ने धैर्य नहीं खोया. सुजीत ने इसके बाद अपनी रणनीति में बदलाव किया और डिफेंस मजबूत करने के साथ मौके मिलते ही आक्रमण शुरू किया. टेकडाउन और मैट पर कंट्रोल के जरिए उन्होंने धीरे-धीरे स्कोर का अंतर कम किया. मुकाबला निर्णायक दौर में पहुंचा तो सुजीत ने आक्रामक रुख अपनाते हुए लगातार अंक जुटाए और बढ़त अपने पक्ष में कर ली. शुरुआती नुकसान के बावजूद सुजीत की यह वापसी मुकाबले का सबसे अहम हिस्सा रही. उन्होंने अंतिम मिनटों में प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया और 65 किग्रा फ्रीस्टाइल का स्वर्ण अपने नाम किया. सुजीत के इस प्रदर्शन ने एशियन गेम्स में भारतीय कुश्ती के पदक अभियान को भी मजबूती दी है.

कुमकुम, अंकिता और कीर्ति की तिकड़ी ने रचा इतिहास

रिकर्व महिला टीम इवेंट में जीता पहली बार गोल्ड मेडल

एशियन गेम्स 2026 में भारत की महिला आर्चरी टीम ने रिकर्व इवेंट के गोल्ड मेडल मैच में साउथ कोरियाई टीम को मात देने के साथ इतिहास रच दिया है, जिसमें भारत ने महिलाओं की टीम रिकर्व आर्चरी में अपना पहला गोल्ड मेडल जीता है. भारत की तरफ से इस इवेंट में कुमकुम मोहाद, अंकिता भकत और कीर्ति की तिकड़ी ने हिस्सा लिया जिसमें तीनों ही खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने 10 बार की ओलंपिक पदक विजेता साउथ कोरिया की महिला आर्चरी टीम को गोल्ड मेडल मैच में 5-3 के अंतर से मात देने में कामयाबी हासिल की. पहले दो सेट बराबरी पर थे छूटे भारतीय महिला आर्चरी टीम ने रिकर्व इवेंट के गोल्ड मेडल मैच में चीन की टीम को मात देते हुए अपनी जगह को पक्का किया था. इसके बाद उनका सामना साउथ कोरिया की टीम से था जो इस इवेंट में वर्ल्ड की सबसे बेस्ट टीम है. टीम इंडिया के लिए मुकाबला आसान नहीं था, लेकिन कुमकुम, कीर्ति और अंकिता ने अपने जज्बे को बरकरार रखते हुए पहले दो सेट में साउथ कोरिया की टीम को कड़ी टक्कर दी जिसमें मुकाबला बराबरी पर रहा.



नेत्रा ने दिलाया सेलिंग में कांस्य

महिलाओं की डिंगी स्पर्धा में 14 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं

भारतीय सेलर नेत्रा कुमानन ने एशियन गेम्स-2026 में महिलाओं की डिंगी सेलिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता. काइयोह यॉट हार्बर में दो रेस की फाइनल सीरीज के बाद नेत्रा ने 14 नेट अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया. थाईलैंड की सोफिया मोंटगोमरी ने स्वर्ण और सिंगापुर की जानिया एंग ने रजत पदक जीता. नेत्रा के अंक हांगकांग की स्टेफनी नॉर्टन के बराबर थे, लेकिन बेहतर आमने-सामने के रिकॉर्ड के आधार पर टाई-ब्रेक में उन्हें कांस्य मिला. नेत्रा ने क्वालिफिकेशन सीरीज में सात अंक के साथ फाइनल में जगह बनाई थी. पहली फाइनल रेस में वह छठे स्थान पर रहीं, लेकिन दूसरी रेस जीतकर शानदार वापसी की और पोडियम पर पहुंचीं. एशियन गेम्स-2026 में सेलिंग में यह भारत का तीसरा पदक है. इससे पहले पुरुषों की स्किफ में मनु फ्रांसिस-प्रिंस कुरिसिंकल नोबल ने रजत और महिलाओं की स्किफ में हर्षिता तोमर-शीतल वर्मा ने कांस्य जीता था.

कोरिया से हारी पुरुष रिकर्व टीम, भारत को मिला सिल्वर

फाइनल में 1-5 से मिली हार, धीरज-यशदीप-नीरज की तिकड़ी ने जीता रजत

एशियन गेम्स-2026 में भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने शुक्रवार को रजत पदक अपने नाम किया. धीरज बोम्मादेवरा, यशदीप भोगे और नीरज चौहान की तिकड़ी को फाइनल में दक्षिण कोरिया के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा. भारतीय टीम से महिला रिकर्व टीम की तरह स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी, लेकिन उसे रजत से संतोष करना पड़ा. फाइनल के पहले सेट में दोनों टीमों ने बराबरी का प्रदर्शन किया और स्कोर 56-56 रहा. इसके बाद दूसरे सेट में कोरिया ने दबाव बनाया. कोरियाई तीरंदाजों ने शानदार निशाने लगाते हुए बढ़त हासिल की, जबकि भारत की ओर से 9, 8 और 8 का स्कोर आया. इस सेट के बाद कोरिया 3-1 से आगे हो गया.

सेपकटकरा में भारत को कांस्य

पुरुष क्वाड्रंट टीम सेमीफाइनल में 0-2 से पराजित

एशियन गेम्स-2026 में भारत ने सेपकटकरा के पुरुष क्वाड्रंट वर्ग में कांस्य पदक जीता. भारतीय टीम को शुक्रवार को सेमीफाइनल में मेजबान जापान के हाथों 0-2 से हार मिली.

जापान ने पहला सेट 15-12 और दूसरा 15-13 से अपने नाम किया. दूसरे सेट में भारतीय टीम ने कड़ी चुनौती दी, लेकिन निर्णायक मौकों पर जापान ने अंक जुटाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. सेमीफाइनल में हार के बाद भारत को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. इससे पहले भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान हासिल किया था.

भारत ने लाओस और वियतनाम को 2-0 से तथा म्यांमार को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी. वहीं जापान ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर रहा था. उसने इंडोनेशिया से 1-2 की हार के बाद सिंगापुर और दक्षिण कोरिया को हराया.

ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम में चार की वापसी

ईडन कार्सन, मौली पेनफोल्ड, हैना रो और बेला जेम्स को मिला मौका

वेलिंग्टन, 2 अक्टूबर. न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने के अंत में होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए चार खिलाड़ियों को टीम में वापस बुलाया है. ईडन कार्सन, मौली पेनफोल्ड, हैना रो और बेला जेम्स की टीम में वापसी हुई है.

चारों को हाल में हुए टी-20 विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी. कोहनी की सर्जरी के बाद कार्सन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौट रही हैं. वह पिछले साल दिसंबर से मैदान से दूर थीं .सोफी डिवाइन और ली तहुहु के संन्यास के बाद पेनफोल्ड और रो तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देंगी. वहीं सूजी बेट्स के जाने के बाद बेला जेम्स बल्लेबाजी में विकल्प बढ़ाएंगी. विकेटकीपर-बल्लेबाज इजी गेज अंगूठे की सर्जरी के बाद टीम से बाहर हैं. उनकी जगह पॉली इंग्लिश विकेटकीपिंग करेंगी. करीब चार साल से बल्लेबाजी कोच रहे डीन ब्राउनली अंतरिम मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे. यह न्यूजीलैंड का 2026-27 सत्र का पहला अंतरराष्ट्रीय अभियान होगा.

विश्वकप 2027 7 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से अभियान शुरू करेगा भारत, 21 नवंबर को जोहान्सबर्ग में फाइनल

10 अक्टूबर को टकराएंगे भारत-पाकिस्तान

केपटाउन, 2 अक्टूबर आईसीसी ने 2027 पुरुष वनडे विश्व कप का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है. दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले 14 टीमों के इस टूर्नामेंट का आगाज 2 अक्टूबर से होगा.

भारत अपने अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को 2023 विश्व कप की विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केपटाउन में करेगा. इसके बाद 10 अक्टूबर को जोहान्सबर्ग में भारत और पाकिस्तान की बहुप्रतीक्षित भिड़ंत होगी. भारत ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और एक क्वालीफायर टीम के साथ है. टीम इंडिया 14 अक्टूबर को अफगानिस्तान, 17 अक्टूबर को क्वालीफायर और 24 अक्टूबर को जिम्बाब्वे से खेलेगी. ग्रुप चरण के बाद शीर्ष तीन टीमें और दोनों ग्रुप में चौथे स्थान वाली टीमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम सुपर-7 में पहुंचेगी. यह चरण 25 अक्टूबर से 14 नवंबर तक चलेगा. इसके बाद शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में उतरेंगी. पहला सेमीफाइनल 17 नवंबर को केपटाउन और दूसरा 18 नवंबर को त्शवाने में होगा. खिताबी मुकाबला 21 नवंबर को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।

वनडे वर्ल्ड कप 2027 का कार्यक्रम

- **शनिवार, 2 अक्टूबर:** क्वालीफायर 1 बनाम क्वालीफायर 3, विंडहोक
- **सोमवार, 4 अक्टूबर:** क्वालीफायर 1 बनाम क्वालीफायर 2, विंडहोक
- **बुधवार, 6 अक्टूबर:** क्वालीफायर 2 बनाम क्वालीफायर 3, विंडहोक
- **गुरुवार, 7 अक्टूबर:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, केपटाउन
- **शुक्रवार, 8 अक्टूबर:** पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान, त्शवाने
- **शुक्रवार, 8 अक्टूबर:** इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश, विंडहोक
- **शनिवार, 9 अक्टूबर:** जिम्बाब्वे बनाम क्वालीफायर ए, बुलावेयो
- **शनिवार, 9 अक्टूबर:** दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, केपटाउन
- **रविवार, 10 अक्टूबर:** भारत बनाम पाकिस्तान, जोहान्सबर्ग
- **रविवार, 10 अक्टूबर:** श्रीलंका बनाम क्वालीफायर बी, विंडहोक
- **सोमवार, 11 अक्टूबर:** जिम्बाब्वे बनाम अफगानिस्तान, बुलावेयो
- **मंगलवार, 12 अक्टूबर:** ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर ए, पार्ल
- **मंगलवार, 12 अक्टूबर:** न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश, कुगोम्पो सिटी
- **बुधवार, 13 अक्टूबर:** इंग्लैंड बनाम श्रीलंका, विंडहोक
- **बुधवार, 13 अक्टूबर:** दक्षिण अफ्रीका बनाम क्वालीफायर बी, पार्ल
- **गुरुवार, 14 अक्टूबर:** भारत बनाम अफगानिस्तान, त्शवाने
- **शुक्रवार, 15 अक्टूबर:** पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर ए, ब्लोमफोंटेन
- **शुक्रवार, 15 अक्टूबर:** जिम्बाब्वे बनाम ऑस्ट्रेलिया, हरारे
- **शनिवार, 16 अक्टूबर:** श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डरबन

शनिवार, 16 अक्टूबर : दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, गेबेरहा

भारत-पाकिस्तान में आज होगी गोल्डन जंग

नागोया, 2 अक्टूबर. एशियन गेम्स-2026 के पुरुष क्रिकेट फाइनल में शनिवार को भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे. जापान के निसिन स्थित कोरोगी एथलेटिक पाक में मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा. भारत ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को छह विकेट से मात दी. भारत की नजर लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स का स्वर्ण जीतने पर है, वहीं पाकिस्तान पहली बार गोल्ड हासिल करना चाहेगा. बारिश के कारण फाइनल रद्द हुआ तो दोनों टीमों को संयुक्त स्वर्ण पदक मिलेगा।